Result Mitra

# रिजल्ट मित्र स्पेशल
# Hand Written
# करंट अफेयर्स नोट्स
# 1



01/Jan/2025

# काम्या कार्तिकेयन

**चर्चा में**

→ काम्या कार्तिकेयन सात महाद्वीपों की सबसे ऊँची चोटियों पर चढ़ने वाली सबसे कम उम्र की महिला बन गई है।

→ भारतीय नौसेना के अनुसार काम्या ने अपने पिता कमांडर एस कार्तिकेयन के साथ 24 दिसंबर को चिली के समयानुसार शाम 5:20 बजे अंटार्कटिका में माउंट विंसन की चोटी पर पहुंचकर प्रतिष्ठित सेवन समिट चैलेंज पूरा किया।

* अपने पिता की पर्वतारोहण गतिविधियों से प्रेरित होकर काम्या ने तीन साल की छोटी सी उम्र से ही ट्रेकिंग शुरू कर दी थी।



01/P 1

# काम्या कार्तिकेयन

## मिशन सैवन समिट्स:

- काम्या का लक्ष्य "मिशन सैवन समिट्स" को पूरा करना है, जिसमें सातों महाद्वीप की सबसे ऊँची चोटियों पर चढ़ाई करना शामिल है।
- इस अभियान के तहत, वह एशिया, अफ्रीका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, अंटार्कटिका और आर्कटिक की चोटियों पर चढ़ाई कर रही हैं।

## उनकी उपलब्धियों का महत्व

1. युवा सशक्तिकरण:

- काम्या ने यह दिखाया है कि कड़ी मेहनत और समर्पण से कम उम्र में भी बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।
- उनका उदाहरण अन्य बच्चों और युवाओं को प्रेरित करता है।

2. स्त्री सशक्तिकरण:

- पर्वतारोहण जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में काम्या ने महिलाओं की क्षमता को साबित किया है।
- उन्होंने यह संदेश दिया है कि महिलाएँ हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं।

3. भारत का गौरव:

- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया।
- भारतीय पर्वतारोहण के इतिहास में नई पहचान बनाई।

जन्म: 2008, मुंबई, महाराष्ट्र

माउंट एवरेस्ट बेस कैंप (2019):

- काम्या ने 13 साल की उम्र में 5,364 मीटर ऊँचाई पर स्थित माउंट एवरेस्ट बेस कैंप पर चढ़ाई की।

# छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा का अनावरण

भारतीय सेना ने छत्रपति शिवाजी महाराज की एक प्रतिमा का अनावरण पैंगोंग त्सो लद्दाख में किया। यह कदम भारत चीन सीमा के पास रणनीतिक और सांस्कृतिक उपस्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है

## पैंगोंग त्सो

- पैंगोंग त्सो हिमालय में एक संकरी, लंबी और गहरी झील है
- यह दुनिया की सबसे ऊँची खारे पानी की झील है
- यह रंग बदलने के लिए भी जानी जाती है
- यह भारत के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है

## छत्रपति शिवाजी महाराज

* जन्म - 19 फरवरी 1630 (शिवनेरी दुर्ग)
* पश्चिम भारत में मराठा साम्राज्य के संस्थापक
* 1645 में पहला किला तोरणा जीता
* 6 जून 1674 को रायगढ़ किले में राज्याभिषेक
* 1666 में शिवाजी औरंगजेब की गुलामी से आजाद
* 3 अप्रैल 1680 में शिवाजी का निधन

01/P 2

# छत्रपति शिवाजी महाराज

**गुरिल्ला युद्ध (गनिमी कावा):**

- शिवाजी ने "गुरिल्ला युद्ध" की रणनीति को अपनाया।
- छोटे समूहों में आक्रमण, दुश्मनों की आपूर्ति को काटना और तेज़ गति से वापसी उनकी रणनीति के मुख्य तत्व थे।

**नौसेना का विकास:**

- शिवाजी को "भारतीय नौसेना के जनक" कहा जाता है।
- उन्होंने कोंकण तट पर समुद्री सुरक्षा और व्यापार के लिए नौसेना विकसित की।
- हिंदवी स्वराज: उन्होंने हिंदू संस्कृति और मराठी गौरव को पुनर्जीवित किया।

**मुगलों के साथ संधि:**

- 1666 में, शिवाजी ने औरंगज़ेब के साथ "पुरंदर की संधि" की।
- हालाँकि, औरंगज़ेब ने उन्हें आगरा में कैद कर लिया, लेकिन शिवाजी वहाँ से भागने में सफल रहे।

**कूटनीतिक संबंध:**

- शिवाजी ने आदिलशाही और मुगलों के बीच शक्ति संतुलन बनाए रखा।
- उन्होंने यूरोपीय शक्तियों (पुर्तगाल, डच, अंग्रेज) से भी संबंध स्थापित किए।

**पैंगोंग त्सो झील का परिचय**

- स्थान: लद्दाख (भारत) और तिब्बत (चीन)।
- ऊँचाई: लगभग 4,350 मीटर (14,270 फीट)।
- लंबाई: 134 किमी, जिसमें से 40% भारत में और 60% चीन में है।
- चौड़ाई: 5 किमी तक।
- पानी का प्रकार: खारे पानी की झील।
- बर्फ: सर्दियों में झील पूरी तरह जम जाती है।

**भौगोलिक विशेषताएँ**

- यह झील सिन्धु बेसिन का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह एक बंद झील (Endorheic Lake) है, जो समुद्र में नहीं गिरती।
- झील का पानी खारा है, लेकिन इसमें कोई जलीय जीवन नहीं है।

# 18 वाँ हाथी महोत्सव

* नेपाल के चितवन जिले के सौराहा में 18 वाँ हाथी और पर्यटन महोत्सव आकर्षण का केन्द्र बन गया है
* चितवन नेशनल पार्क के पास वर्धमान इंटरनेशनल (इंटरमीडिएट) कम्युनिटी फॉरेस्ट में आयोजित यह पांच दिवसीय महोत्सव क्रिसमस और नए साल के उत्सवों के साथ मेल खाता है
* यह महोत्सव पांच दिनों तक चलेगा
* समापन - 1 जनवरी 2025
* इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण हाथियों की प्रदर्शनी है
* इसमें हाथी पानी में तैरना गेंद खेलना और चित्र बनाते हैं
* इस महोत्सव का उद्देश्य चितवन के पर्यटन को बढ़ावा देना है

## चितवन के बारे में

- यह नेपाल का प्रमुख राष्ट्रीय उद्यान है
- यह अपनी जैव विविधता के लिए जाना जाता है
- यह ~~अ~~ हाथियों के लिए आदर्श आवास है
- यहाँ बड़ी संख्या में हाथी पाये जाते हैं



@resultmitra
www.resultmitra.com

# 18वां हाथी महोत्सव

हाथी भारतीय संस्कृति और धर्म (विशेषकर हिंदू धर्म) में विशेष स्थान रखते हैं।

**गणेश:** हिंदू देवता गणेश को हाथी का सिर धारण करने वाला माना जाता है।


**त्योहार:** केरल का प्रसिद्ध थ्रिसूर पूरम और राजस्थान का हाथी महोत्सव हाथियों को समर्पित हैं।

**पर्यटन:** सफारी और हाथी-आधारित पर्यटन के माध्यम से आर्थिक लाभ।

**कृषि:** हाथी ऐतिहासिक रूप से भारी वस्तुओं को उठाने और परिवहन में उपयोगी रहे हैं।

भारत में लगभग 27,000 जंगली हाथी और 3,500 पालतू हाथी हैं।

**प्रमुख क्षेत्र:** कर्नाटक, असम, केरल, तमिलनाडु, ओडिशा।



# भारत करेगा वेव्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी

* भारत फरवरी 2025 में फर्स्ट वेव्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। जिसका आयोजन (5-9 फरवरी) के बीच होगा।

* भारत विश्व का सबसे बड़ा और सबसे विविध सामग्री उत्पादकों में से एक है जिसमें एक गतिशील मीडिया और मनोरंजन (M&E) उद्योग है जो फिल्मों टेलीविजन ओटीटी प्लेटफार्म खेल और समाचार तक फैला हुआ है

* वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (WAVES) 2025 देश की रचनात्मक अर्थव्यवस्था के विकास को उत्प्रेरित करते हुए इस कौशल का प्रदर्शन करना चाहता है।

* इस शिखर सम्मेलन आयोजन नई दिल्ली में होगा।

* - प्रधानमंत्री मोदी ने WAVES को भारत के मनोरंजन और रचनात्मक उद्योग के लिए ऐतिहासिक पहल बताया।

* - बॉलीवुड, क्षेत्रीय सिनेमा, टीवी एनीमेशन गेमिंग और एंटरटेनमेंट टेक्नोलॉजी के सृजनकर्ताओं को भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

WAVES
WORLD AUDIO VISUAL & ENTERTAINMENT SUMMIT
Come, sail with us

# वितुल कुमार CRPF के महानिदेशक नियुक्त

* भारतीय पुलिस सेवा (IPS) में 1993 बैच के वरिष्ठ अधिकारी वितुल कुमार को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) का कार्यवाहक महानिदेशक बनाया गया है।

* वितुल कुमार मौजूदा DG अनीश दयाल सिंह का स्थान लेंगे।

* 1993 बैच के यूपी कैडर के आईपीएस अधिकारी वितुल कुमार का

* जन्म 3 अगस्त 1968 को पंजाब के भटिंडा में हुआ था।

* - उन्होंने 9 फरवरी 2009 को उप महानिरीक्षक (DIG)
    * 31 दिसंबर 2012 को महानिरीक्षक (IG)
    * 1 जनवरी 2018 को अतिरिक्त महानिदेशक (ADG)
    * का पदभार संभाला था।

* 2021 में ये राष्ट्रपति पुलिस पदक से भी सम्मानित हो चुके हैं

## सीआरपीएफ के बारे में

* यह भारत का एक सशस्त्र पुलिस बल है। जो गृह मंत्रालय के अधीन आता है

* यह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कानून व्यवस्था बनाए रखता है

* CRPF की स्थापना - 27 जुलाई 1939 (क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस) के नाम से हुई।

* \- 28 दिसंबर 1949 में इसका नाम परिवर्तित करके CRPF कर दिया गया।

* आदर्श वाक्य - राष्ट्र प्रथम सेवा अनुशासन कर्म।

